>

Title: Need for four-laning of G.T. road on Kanpur-Bulandshahar-Delhi stretch.

**श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख):** अध्यक्ष महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र से लगा हुआ जो कानपुर नगर है, वहां से कानपुर-बिल्लौर-कन्नौज-ऐटा-बेबर-अलीगढ़-बुलंदशहर-गाजियाबाद-गौतमबुद्ध नगर-दिल्ली मार्ग जो एतिहासिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण जी.टी.रोड कहलाता है एवं प्राचीन में भारत प्रमुख व्यापारिक मार्ग था और वर्तमान में इस मार्ग का दिल्ली से जुड़ा होने के कारण इस पर भारी यातायात का दबाव भी रहता है तथा पिछले काफी समय से इस मार्ग को चार लेन बनाये जाने की मांग की जाती रही है। लेकिन अभी तक इस मार्ग को चार लेन में परिवर्तित नहीं किया गया जिसके कारण आए-दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है और बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इस मार्ग पर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए निश्चित दूरी पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कानपुर-बिल्लौर-कन्नौज-ऐटा-बेबर-अलीगढ़-बुलंदशहर-गाजियाबाद- गौतमबुद्ध नगर-दिल्ली मार्ग पर एक निश्चित दूरी पर समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराये जाने व बिल्हौर तहसील के निकट एक ट्रामा सेंटर की स्थापना किये जाने तथा साथ ही इस मार्ग को चार लेन बनाये जाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं जिससे इस मार्ग पर भारी दबाव कम हो सके एवं इसकी ऐतिहासिक महत्ता भी बरकरार रहे।